**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

39.0° अधिकतम तापमान | 21.2 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 30 | सूर्यास्त 06 : 42

## शहर में आज

- **महोत्सव:** दादाबाड़ी महोत्सव पर शोभायात्रा टिनीटाट स्कूल कैंट से सुबह 9 .45 बजे।
- **बैठक :** प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर भाजपा दक्षिण कार्यालय में बैठक दोपहर 12 बजे।
- सपा कार्यालय में पदाधिकारियों के बीच चुनावी बैठक दोपहर तीन बजे।
- **शपथ ग्रहण :** शत प्रतिशत मतदान के लिए साई भक्तों का शपथ ग्रहण साई कृपा मंदिर आर्यनगर में शाम सात बजे।

## एक नजर

### खोदी गई सड़कों को न बनाने पर नोटिस

**कानपुर।** पीडब्ल्यूडी ने जलकल को सड़क न बनाने पर नोटिस दिया है। बकरमंडी ढाल, गोविंद पुरी पुल, 80 फीट रोड, गुमटी नं 5 और फजलगंज इंडस्ट्रियल क्षेत्र में पेयजल लाइन लीकेज को ठीक करने के लिये जलकल ने नई सड़कों को खोद दिया। लीकेज ठीक होने के बाद सड़क को यूं ही छोड़ दिया। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पीडब्ल्यूडी ने नोटिस देते हुये कहा है कि चुनाव की वजह से शहर के वीआईपी का आना-जाना जारी है। इसको लेकर लगातार प्रशासन की ओर से कहा जा रहा है लेकिन जलकल ने सड़क नहीं बनाई। अधिकारियों ने कहा है कि चुनाव देखते हुये जल्द ही कार्य पूरा किया जाये।

### 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**कानपुर।** बुधवार को सचेंडी पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी को सचेंडी पुलिस एक वर्ष से तलाश कर रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि गडवार थाना जैतपुर आगरा निवासी राम रजावत वांछित गैंगस्टर है। काफी समय से पुलिस उसको तलाश कर रही थी। जब भी पुलिस पकड़ने जाती थी तो वो ठिकाने बदलकर रहने लगता था।

# बीटेक व बीबीए के तीन स्टूडेंट विवि से निष्कासित

## जांच कमेटी की संस्तुति पर कोड ऑफ कंडक्ट के तहत हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू प्रशासन ने बुधवार को बीटेक व बीबीए के दो छात्रों और एक छात्रा को निष्कासित कर दिया। विवि ने कोड ऑफ कंडक्ट के तहत यह कार्रवाई की है। यह भी बताया गया है कि निष्कासन के बाद ये छात्र विवि के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकेंगे। शुल्क वापसी का भी कोई प्रावधान नहीं है। इन विद्यार्थियों का विवि परिसर में प्रवेश भी निषेध होगा।

विवि कुलसचिव कार्यालय से बुधवार को जारी पत्र में बताया गया कि बीटेक (ईसी) के छात्र अभिजीत राय, बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अनुष्का व बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अभिषेक सिंह के खिलाफ विवि गेट व परिसर में प्रदर्शन की जांच हो रही थी। जांच समिति की संस्तुति व कुलपति के अनुमोदन के बाद विवि ने तीनों विद्यार्थियों को निष्कासित किया है। कोड ऑफ कंडक्ट की धारा छह डी व छह ई के अनुसार कार्रवाई की गई है। विवि प्रशासन के अनुसार बुधवार सुबह भी बीटेक छात्र अपना प्रवेश पत्र लेने आया था। विवि गेट पर जब गार्ड ने अंदर जाने से मना किया तो उसने हाथापाई की है। इस पर कल्याणपुर पुलिस बुलाई गई, जो छात्र को अपने साथ ले गई।


डीएम कार्यालय में कर्मचारी को ज्ञापन देता छात्र अभिजीत। अमृत विचार

- **सीएसजेएमयू में किसी भी कोर्स में प्रवेश नहीं मिलेगा**

### आरोपी छात्र ने डीएम को दिया ज्ञापन

विवि से निष्कासित बीटेक (ईसी) के छात्र अभिजीत राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित एक ज्ञापन दिया। जिसमें उसने बताया कि कुछ माह पहले सीएसजेएमयू परिसर से एक किमी दूर उसकी अधिकारियों से नोकझोक हुई थी। जिसमें सुलह हो गई है। उसी नोकझोक के आधार पर विवि से आठ माह के लिए निष्कासित किया गया था। दिसंबर में निष्कासन समाप्त होना था, लेकिन फरवरी आ गई। इस पर अनशन पर बैठना पड़ा। तब विवि से पत्र जारी हुआ कि एक साल और पिछली कक्षा में ही रहना पड़ेगा। विवि परिसर में बगैर कोई तोड़फोड़ के 20 हजार का अर्थदंड लगाया गया। छात्र ने विवि पर भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया है। छात्र ने पत्र में छात्रवृत्ति की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन का भी जिक्र किया है। बताया कि एक छात्रा से अभद्रता की गई थी। छात्र ने कहा विवि उसे पेपर से वंचित रखना चाहता है। तीन मई से परीक्षा है।

# फीस वृद्धि के खिलाफ मेडिकल छात्र सड़क पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने बुधवार को फीस वृद्धि के विरोध में हंगामा कर नारेबाजी की। छात्र-छात्राओं को जब कॉलेज प्रशासन ने समझाने का प्रयास किया तो वह नहीं माने और अपनी मांग पर अडिग रहे। तब कॉलेज प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ गई। पुलिस के खदेड़ने पर छात्र-छात्राओं ने हैलट गेट पर पहुंचकर नारेबाजी की।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल के 23 कोर्स संचालित हैं, जिनमें करीब छह-सात सौ छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। बुधवार को वर्ष 2023 बैच के प्रथम वर्ष के सैकड़ों पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं मेडिकल कॉलेज परिसर में प्राचार्य कार्यालय के बगल में एकत्र हुए और फीस वृद्धि के विरोध में हंगामा कर नारेबाजी शुरू कर दी। कॉलेज के फैकल्टी मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया। छात्र-छात्राओं का आक्रोश बढ़ता देख कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बुला ली। पुलिस ने भी पहले समझाने का प्रयास किया, नहीं मानने पर पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को खदेड़ा। इस दौरान छात्र-छात्राओं की पुलिस व फैकल्टी के बीच नोकझोक भी हुई। आरोप है कि फैकल्टी ने छात्र-छात्राओं से अभद्रता की। कॉलेज से छात्र-छात्राएं हैलट गेट पर पहुंचे और फैकल्टी के व्यवहार पर आक्रोश व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं का कहना है कि पैरामेडिकल कोर्स की फीस 24 हजार रुपये है। यह फीस जमा करने के बाद अब 19 हजार रुपये की मांग फीस के रूप में और की जा रही है। साथ ही जल्द से जल्द फीस जमा करने को बोला गया है। जबकि पूर्व में इतनी फीस नहीं लगती थी और न ही एडमिशन लेते समय ऐसी कोई जानकारी कॉलेज प्रशासन ने दी थी।


हैलट गेट पर फीस वृद्धि के विरोध में हंगामा करते पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं।

- **छात्रों का आरोप, 24 हजार जमा कराने के बाद 19 हजार और मांगे जा रहे**
- **मेडिकल कॉलेज छात्रों का आरोप, फैकल्टी ने की अभद्रता पुलिस बुलाई गई**

### पिछले साल आया है फीस वृद्धि का आदेश

फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी ने बताया कि पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं का एडमिशन स्टेट मेडिकल फैक्ल्टी लखनऊ के द्वारा होता है। फीस के संबंध में जानकारी स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने अपने पोर्टल में साझा की है। एडमिशन के समय सभी पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को पूरी फीस के संबंध में जानकारी दी गई थी। दूसरे कॉलेजों में भी शासन से आए जीओ के तहत फीस जमा कराई जा रही है। इंरोलमेंट के लिए 19 हजार रुपये जमा कराए जा रहे हैं। इंरोलमेंट के छात्र-छात्राओं को परीक्षा देनी होगी। बताया कि वर्ष 2023 के अप्रैल माह में शासन से नया जीओ जीएसवीएम समेत सभी मेडिकल कॉलेजों में जारी किया गया है। जीओ के तहत ही फीस ली जा रही है।

### सचिव से की इनरोलमेंट का समय बढ़ाने की मांग

डॉ.डॉली रस्तोगी ने बताया कि पैरामेडिकल के 23 कोर्स हैं, इन कोर्सों के नोडलों को सभी छात्र-छात्राओं को इनरोलमेंट की फीस जमा करवाने के लिए सूचित किया गया था। इस संबंध में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई है। ताकि छात्र-छात्राओं के सामने फीस जमा करने में आ रही समस्याओं का समाधान हो सके। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक से बात कर इनरोलमेंट की फीस जमा करने का समय मांगा गया है।

> शासन के आदेश के तहत पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को कॉलेज में फीस जमा करनी है। कॉलेज परिसर में हंगामा करने वाले छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।
>
> **प्रो .संजय काला, प्राचार्य**

# दबौली वेस्ट में सात घरों से लाखों का माल ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **150 मीटर के दायरे में घरों में दिया घटना को अंजाम**
- **क्षेत्रीय लोगों ने मोहल्ले में रहने वाले एक चोर को दबोचा, पीटा**

**अमृत विचार।** दबौली वेस्ट में चोरों ने एक ही रात में सात घरों को निशाना बना कर लाखों का माल पार कर दिया। एक घर में घुसे चारों ने अलमारी खोली, जिससे गृहस्वामी की नींद खुल गई। शोर मचाने पर इलाकाई लोगों ने एक चोर को दबोच लिया जबकि साथी फरार हो गया। पकड़ा गया चोर मोहल्ले का ही निवासी निकला, आक्रोशित लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। चोर के पास से पुलिस ने एक चोरी का ऑटो भी बरामद किया जो रनियां से चोरी किया गया था।

गोविंद नगर थाना क्षेत्र के दबौली वेस्ट निवासी राम प्रकाश पनकी साइट नंबर पांच स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं। राम प्रकाश ने बताया कि वह पत्नी रंजना व दो बेटी के साथ मंगलवार देर रात सो रहे थे। घर का मेनगेट बंद था, जबकि कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। इस दौरान बेड के बगल में स्थित अलमारी में खटपट की आवाज सुनाई दी। उनकी नींद खुली तो देखा कि दो चोर उनकी अलमारी खोलने का प्रयास कर रहे थे। शोर मचाने पर चोर जान से मारने की धमकी देकर भागने लगे। एक चोर फरार हो गया, जबकि दूसरा चोर ऑटो स्टार्ट करने लगा जिसे इलाकाई लोगों ने पकड़ कर पीट दिया।

पकड़े गए चोर की पहचान पड़ोसी राहुल उर्फ सन्नाटा के रूप में हुई। लोगों ने पूछताछ की तो पता चला कि राहुल ने साथियों के साथ 150 मीटर के दायरे में सात घरों में चोरी की है। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान जानकारी मिली कि चोरों का ऑटो भी चोरी का है। गोविंद नगर थाना प्रभारी ने बताया कि दो लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया है। कुछ चोरियां पुरानी हैं। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।


चोरी की जानकारी देते गृहस्वामी।


छानबीन करने पहुंची पुलिस। अमृत विचार

### इनके घरों को बनाया निशाना

रेड एंड चीफ कंपनी में चालक कमलेश सिंह के मकान से 1.15 लाख रुपये नकद, चार साड़ियां व चार जोड़ी कपड़े ले गए, कमलेश ने बताया कि बेटी रत्ना की शादी की तैयारी के लिए नकदी घर पर रखी थी। इसके बाद शीलू शर्मा के घर से मंगलसूत्र, पायल, 30 हजार रुपये नकद व मोबाइल, शिवम के मकान में किराए पर रहने वाले पांच मजदूर अमर सिंह, गिरजा शंकर, दीपक शुक्ला, वीरू सिंह व एक अन्य मजदूर का मोबाइल फोन पार कर दिया। वहीं जितेंद्र पांडेय के घर से मोबाइल, वेल्डिंग कारीगर खेतु पांडेय के घर से दो मोबाइल व चार हजार रुपये, पैकिंग मशीन कारोबारी सुनील शर्मा के घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी की। वहीं चालक उपेंद्र नारायण अवस्थी की इनोवा कार के शीशे भी चोरी का प्रयास हुआ।

# संयुक्त मंत्री पद पर न कराएं दोबारा मतदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **यूपी बार कॉउंसिल अध्यक्ष ने जारी किया पत्र**

**अमृत विचार।** द लायर्स एसोसिएशन चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर चल रहे विवाद में बुधवार को पटाक्षेप हुआ। यूपी बार कॉउंसिल अध्यक्ष ने पत्र जारी करते हुए दोबारा चुनाव न कराने के एल्डर्स कमेटी को निर्देश जारी किए। साथ ही बार कांउसिल ऑफ इंडिया के सदस्य की ओर से जारी किए पत्र को व्यक्तिगत बताया।

लायर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रशासन के पद पर एल्डर्स कमेटी ने मनीष गौड़ को विजेता घोषित किया था, जिसका रनर रहे प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने विरोध करते हुए जिला जज की कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह ने बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से शिकायत की थी। जिस पर बीसीआई सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने विवादित पद पर दोबारा चुनाव कराने के एल्डर्स कमेटी को निर्देश दिए थे। पत्र को संज्ञान में लेकर यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने पत्र जारी करते हुए कहा कि 26 मार्च को श्रीनाथ त्रिपाठी की ओर से जारी किया गया पत्र उनका व्यक्तिगत विचार था, जिसे निरस्त किया जाए और मतदान के संबंध में कोई कार्रवाई न की जाए।

# इंजीनियर की पिटाई पर दी गई तहरीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आर्यनगर में केबिल डालने के दौरान हुआ था विवाद**

**अमृत विचार।** कोहना थानाक्षेत्र में कमल चौराहे के पास बिजली की केबिल डालने को लेकर भाजपा पार्षद द्वारा केस्को की कार्यदाई संस्था के इंजीनियर की चप्पलों से पिटाई के मामले में इंजीनियर ने पार्षद के खिलाफ तहरीर दे दी है। केस्को एमडी सैमुअल पॉल ने जिलाधिकारी राकेश कुमार को मामले से अवगत कराया है।

बेनाझाबर वार्ड 10 में स्थित कमल चौराहे के पास संगम पान वाली गली में केस्को अंडरलाइन केबिल बिछाने का काम करा रहा है। काम केईआई कंपनी को दिया गया है। कंपनी के इंजीनियर भूषण विलास ने आरोप लगाया कि केबिल डालने का काम दो दिन पहले शुरू किया गया था। मंगलवार को क्षेत्रीय भाजपा महिला पार्षद लक्ष्मी कोरी आईं और काम बंद कराने लगीं। कारण पूछने पर उन्होंने चप्पलों से पीटा और काम बंद करा दिया।

इंजीनियर भूषण विलास ने बुधवार को पार्षद के खिलाफ तहरीर दे दी है। कोहना पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो को जांच रही है। वहीं पार्षद लक्ष्मी कोरी का कहना था कि क्षेत्र के आर्यनगर, खलासी लाइन और भट्टा क्षेत्र में पूरे क्षेत्र को खोद दिया है। सड़कें तक तोड़ दी हैं इसी को लेकर आपत्ति जताई थी। इनके पास कोई वर्कऑर्डर तक नहीं है। रोड खुदाई की परमीशन तक नहीं है। इंजीनियर से कहा था कि चुनाव बाद काम करना लेकिन वो धमकी देने लगा। चप्पलों से मारने की बात झूठी है।

# सीयूजीएल लाइन में लीकेज से फ्लैट में लगी आग, 10 लोग फंसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रतनलालनगर में फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां पहुंचीं, तीन घंटे में पाया गया काबू**

**अमृत विचार।** रतनलाल नगर स्थित इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट में बुधवार देर रात खाना बनाने के दौरान सीयूजीएल गैस पाइप लाइन लीकेज होने से नमकीन कारोबारी के फ्लैट में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग की विकराल लपटें फ्लैट से बाहर निकलने लगी, जिससे बिल्डिंग में भगदड़ मच गई। आग से फ्लैट की चौथी व पांचवी मंजिल में रहने वाले करीब 10 लोग फंस गए। सूचना पर गोविंद नगर पुलिस व फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने लोगों को निकाल कर करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल में नरेश असरानी पत्नी पिंकी व बेटे अंशुल के साथ रहते है। नरेश की दादा नगर में नमकीन फैक्ट्री है। बुधवार रात पिंकी किचन में खाना बना रहीं थीं। इस दौरान सीयूजीएल की गैस पाइप लाइन लीकेज होने से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। परिजनों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। जिसके बाद नरेश ने परिजनों समेत फ्लैट से निकल कर जान बचाई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें पड़ोस के फ्लैट को अपनी जद में लेनी लगी, जिससे पूरी बिल्डिंग में अफरा तफरी का माहौल मच गया। आग की लपटे चौथे व पांचवे फ्लोर पर पहुंचने लगी, जिससे बिल्डिंग में फ्लैट नंगर 18 निवासी रंजीत, पत्नी मीरा, बेटी पूजा, पिया व फ्लैट नंबर 15 में विष्णु अग्रवाल, फ्लैट नंबर 19 में अभिषेक, उनकी पत्नी ज्योत्सना व बेटा युवान फंस गए। सूचना पर फजलगंज स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग बढ़ते देख सीएफओ दीपक शर्मा किदवई नगर, पनकी से आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने करीब 10 लोगों को बचाया। करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।


फ्लैट में लगी आग। अमृत विचार

# बैंक्वेट हॉल समेत छह स्थानों पर लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लगातार तापमान बढ़ने के साथ रोज आग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को भी कई जगह आग लगी जिसमें लाखों रुपये का नुकसान हुआ। सुबह से लेकर रात तक दमकल गाड़ियां इधर से उधर तक दौड़ती रहीं।

नजीराबाद थानाक्षेत्र में 80 फीट रोड पर अशोक नगर में स्थित एक बैंक्वेट हॉल की तीसरे फ्लोर की छत में रखे सामान में भीषण आग लग गई। फायर स्टेशन फजलगंज से पहुंची दमकल ने आग बुझाई। कोई जनहानि नहीं हुई है। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में परेड रोड पर बिजली घर के सामने मछली मंडी में कूड़े के ढेर में आग लग गई। इसी प्रकार पनकी थानाक्षेत्र में पनकी रेलवे स्टेशन रोड पोस्ट ऑफिस के पास खाली प्लॉट में कूड़े के ढेर में आग लग गई। पनकी के अंतर्गत इस्पात नगर के पास जंगल में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इसी प्रकार जूही थानाक्षेत्र में मिलेट्री कैंप चौकी के सामने दुकान में भीषण आग लग गई। किदवई नगर फायर स्टेशन से पहुंची दमकल ने आग बुझाई। बुधवार शाम कर्नलगंज थानाक्षेत्र में चुन्नीगंज बस स्टैंड के बगल में कूड़े के ढेर में आग लग गई।


पनकी में झाड़ियों में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

# अब केडीए से नक्शा पास कराना और महंगा

**कानपुर।** केडीए ने नक्शा पास कराने में पांच प्रतिशत और शुल्क बढ़ा दिया है। नक्शा शुल्क, कवर्ड एरिया शुल्क, निरीक्षण शुल्क और मलबा शुल्क में भी बढ़ोतरी की गई है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 5.13 प्रतिशत शुल्क बढ़ाया गया है। नई दरें लागू हो गयी है जिन्होंने नक्शा पास कराने के लिए शुल्क नहीं जमा किया है तो उनको भी अब बढे शुल्क के हिसाब से धन जमा करना होगा। केडीए हर साल छोटे व बड़े सभी तरह के कुल एक हजार तक नक्शे पास करता है। केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि नक्शा शुल्क में बढ़ोत्तरी के साथ ही शुल्ज की बढ़ी दरें लागू हो गयी है । ग्रुप हाउसिंग में नक्शा शुल्क 17.80 रुपये से बढ़ाकर 18.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया है। निरीक्षण शुल्क 23.70रुपये से बढ़ाकर 24.95 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया है। व्यावसायिक नक्शा शुल्क 35.60 रुपये से बढ़ाकर 37.46 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया है। मलबा शुल्क 49.85 वर्ग प्रति मीटर, अरबन डेवलपमेंट शुल्क 415 रुपये से बढ़ाकर 437 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया है। आवासीय नक्शा शुल्क 6.35 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया है। एक हजार वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंड के नक्शा शुल्क 2125 रुपये से बढ़ाकर 2246 रुपये प्रति वर्ग मीटर होगा।

**एनएसआई की पहल** | शुगर मिल के वेस्ट वाटर को पीने के योग्य बनाया जाएगा

# अब लैब में बने उत्पाद बाजार में भेजे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) की प्रयोगशाला में बने उत्पादों को अब बाजारों में भी लाया जाएगा। लैब में शुगर मिल के वेस्ट वाटर को पीने लायक बनाया गया है। यह उत्पाद बाजार में गन्ना जल के नाम से उतारा जाएगा। उत्पाद की लॉन्चिंग शुगर मिलों के जरिए की जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की निदेशक डॉक्टर प्रोफेसर सीमा परोहा ने दी। उन्होंने बताया कि अभी तक एनएसआई के 12 देशों से संबंध हैं। इन संबंधों को मजबूत बनाने और अन्य देशों के साथ संबंध बनाने पर काम किया जाएगा। विदेशी छात्रों को भी पढ़ाई के लिए लाने पर फोकस रहेगा। आईआईटी के साथ मिलकर बायोफ्यूल पर काम किया जाना है। एनएसआई में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर बायोफ्यूल की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य फ्यूल के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना है। यहां बगास से इथेनॉल और एविएशन फ्यूल आदि बनाने पर काम किया जाएगा। एनएसआई में जैगरी से अलग अलग उत्पाद को बनाना सिखाने के लिए जैगरी यूनिट को लगाया जाएगा। इसके अलावा दो हॉस्टल, एक कैफेटेरिया, एक टिश्यू कल्चर लैब और कवर्ड पार्किंग बनेगी। इस काम के लिए 10 करोड़ का फंड है। इसके अलावा नई भर्ती और प्रमोशन को भी जल्द किया जाएगा। प्रो. परोहा के डायरेक्टर बनने पर एसके त्रिवेदी, अशोक गर्ग, अखिलेश कुमार पांडेय और डॉ. अशोक कुमार ने बधाइयां दी और स्वागत किया।


जानकारी देतीं डॉ. सीमा परोहा। अमृत विचार

- **एनएसआई की नई निदेशक डॉ. सीमा परोहा ने गिनाईं प्राथमिकताएं**

# जीर्णोद्धार के बाद तरणताल शुरू नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आर्यनगर से सपा विधायक ने शासन को चिट्ठी लिखी**

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत पांच अक्टूबर 2021 को फूलबाग स्थित तरणताल के जीर्णोद्धार के कार्य का शिलान्यास किया था। उसके बाद मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया, लेकिन अब तक तरणताल को शुरू नहीं किया गया। कई बार आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने शासन में इसकी शिकायत की लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। अब एक बार फिर उन्होंने शासन को पत्र लिखा है। इस परियोजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।



सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने बताया कि 23 मार्च 2023 को उन्होंने तरणताल का निरीक्षण किया था। तब पाया था कि तरणताल पूरी तरह तैयार है। नगर निगम के अधिकारीयों से इसे शीघ्र जनता के लिए खोलने की बात कही थी। विधायक होने के नाते सवाल है कि करोड़ों रुपये से बना तरणताल कब चालू होगा। नगर निगम के अधिकारियों ने आश्वासन देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। मुख्यमंत्री से तरणताल का जब उद्घाटन करवाया गया था तब भी जल्द ही खोले के दावे किए गए थे लेकिन आज तक कुछ भी नहीं हुआ। 18 मई 2023 को फिर से निरीक्षण किया था तब तरणताल पूर्ण रूप से तैयार था। निर्माणकर्ता एजेंसी ने प्रोजेक्ट नगर निगम को हस्तांतरित भी कर दिया है, फिर भी जनता के लिए तरणताल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। नगर निगम अधिकारियों की हठधर्मिता व लापरवाही के कारण तरणताल सूना पड़ा है। शासन को लिखे पत्र में कहा है कि तरणताल के चालू न होने से निजी क्लब को सीधा लाभ पहुंचता है। अधिकारियों की हरकत से यह भी प्रतीत होता है कि कानपुर की जनता के साथ धोखा किया जा रहा है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# 13 करोड़ से शिफ्ट होंगी सीवर , पेयजल लाइनें

## सीएम ग्रिड योजना के तहत घंटाघर से ग्रीनपार्क चौराहे तक बनाई जानी है सड़क, एस्टीमेट सौंपा गया

एक्सक्लूसिव

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड योजना के तहत घंटाघर से ग्रीनपार्क चौराहे तक बनने वाली सड़क के लिए 10 सीवर व आठ पेयजल पाइप लाइनें शिफ्ट होंगी। पाइप लाइनों को शिफ्ट करने में करीब 13 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जलकल ने पाइप लाइनों को शिफ्ट करने के लिये एस्टीमेट बनाकर नगर निगम को सौंप दिया है। छह करोड़ रुपये सीवर व 7 करोड़ रुपये से पेयजल लाइन शिफ्ट होंगी। योजना में चार अन्य सड़कों के नीचे से गई पाइप लाइनों को भी शिफ्ट किया जायेगा। जिसके लिये नगर निगम ने एस्टीमेट मांगा है।

सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर की पांच सड़कों को बेंगलुरु की तर्ज पर बनाया जाना है। शासन के निर्देश पर नगर आयुक्त और नगर निगम से जुड़े अधिकारी टूर से लौटते ही योजना को हूबहू बनाने में जुट गये है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने संबंधित विभागों को पांचों सड़कों के नीचे से जाने वाली पेयजल और सीवर लाइनों को सड़क के नीचे से हटाकर फुटपाथ पर करने के निर्देश दिये हैं। शिफ्टिंग का एस्टीमेट मांगा है। सड़कों के नीचे से गई ट्रंक सीवर लाइनों को शिफ्ट नहीं किया जायेगा। जलकल जोन-1 के अधिशाषी अभियंता ने घंटाघर से ग्रीनपार्क चौराहे तक नीचे से गई सीवर व पेयजल लाइनों की जानकारी व एस्टीमेट बनाकर दिया है।




घंटाघर से ग्रीनपार्क चौराहे तक बनने वाली सड़क। अमृत विचार

### शिफ्ट की जाने वाली सीवर लाइनें

- मूलगंज चौराहे से बादशाही नाका तक 460 मीटर सीवर लाइन
- बादशाही नाका सब्जी मंडी से कृष्णा पराठा भंडार तक 410 मीटर
- कृष्णा पराठा भंडार से घंटाघर तक 300 मीटर
- शक्कर पट्टी रोड से घंटाघर तक 280 मीटर
- जगन्नाथ मंदिर से शक्करपट्टी रोड तक 460 मीटर
- मूलगंज पुलिस चौकी से दयाराम स्वीट तक 760 मीटर
- परेड चौराहा से मूलगंज पुलिस चौकी 780 मीटर
- परेड चौराहे से नवीन मार्केट तक 170 मीटर
- नवीन मार्केट से हडर्ड स्कूल चौराहे तक 480 मीटर
- हडर्ड स्कूल से ग्रीनपार्क चौराहे तक 330 मीटर

### ये सड़कें बननी हैं

- **जोन 1** घंटाघर चौराहे से परेड चौराहे होते हुये ग्रीनपार्क तक 19 .71 करोड़ रुपये
- **जोन 2** एनएच-19 से राजाराम चौराहा एवं नमक फैक्ट्री चौराहा होते हुये हमीरपुर तक
- **जोन 3** बर्रा बाई पास से कर्रही रोड होते हुये राम बाग तिराहा होते हुये हमीरपुर मुख्य मार्ग
- **जोन 3** बाबाकुटी चौराहे से सोटेबाबा मंदिर होते हुये अलंकार गेस्ट हाउस तक सड़क
- **जोन 6** बगिया क्रासिंग कल्याणपुर से केसा आफिस तक सड़क निर्माण



### शिफ्ट की जाने वाली पेयजल लाइनें

- मूलगंज चौराहे से नवीन मार्केट 1080 मीटर
- नवीन मार्केट से ग्रीन पार्क तक 910 मीटर
- मूलगंज चौकी से दयाराम स्वीट तक 790 मीटर
- मूलगंज चौराहे से परेड चौराहे तक 790 मीटर
- मूलगंज चौराहे से घंटाघर तक 1090 मीटर की चार पाइप लाइन

### सड़कों की यह होगी विशेषता

सुरक्षित सड़क और जंक्शन, समान चौड़ाई ट्रैफिक लेन की व्यवस्था, भूमिगत सर्विस की सुविधा, टिकाऊ तकनीक का उपयोग, सार्वजनिक स्थान व स्ट्रीट फर्नीचर की सुविधा, ग्रीन कवर किया जाएगा, ग्रीन सड़क पर यूटीलिटी डक्ट, फुटपाथ, सौर आधारित स्ट्रीट लाइट आदि।

### 145.5 करोड़ से बननी हैं सड़कें

सीएम ग्रिड्स अरबन योजना) के तहत शहर में 145 .5 करोड़ सड़क निर्माण और सुंदरीकरण होना है। योजना में डीपीआर का कार्य पहले ही किया जा चुका है। इस योजना में चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले टेंडर जारी कर दिए गए थे। आचार संहिता खत्म होने के बाद टेंडर खोलकर जुलाई से निर्माण शुरू कराने की योजना है।

# लिखित बहस दाखिल नहीं चार को सुनवाई

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में बुधवार को भी बचाव व अभियोजन पक्ष की ओर से लिखित बहस दाखिल नहीं हो पाई। जिस पर एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने चार मई की तिथि निर्धारित की। साथ ही कोर्ट ने अभियोजन की ओर से मकान के हाउस टैक्स व पंसाला की कापी मांगने की याचिका खारिज कर दी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाला का ट्रायल पूरा हो चुका है। कई तारीखों से फैसला टलता आ रहा है।

बुधवार को मामले की सुनवाई हुई, लेकिन बचाव व अभियोजन पक्ष की ओर से लिखित बहस दाखिल नहीं हो सकी। जिसके बाद कोर्ट ने चार मई की तिथि निर्धारित कर दी। वहीं अभियोजन की ओर कोर्ट में दाखिल की गई मकान की हाउस टैक्स व पंसाला की एक प्रति मांगने की याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि यह रिपोर्ट अभियोजन को सुनवाई में मांगनी चाहिए थी।

# जेवर लेकर दुल्हन फरार भटक रहा दूल्हा लाचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाथरूम जाने का बहाना बनाकर मंदिर से चंपत हुई दुल्हन

**अमृत विचार।** झांसी निवासी ट्रक चालक को शादी के सपने दिखाकर मैरिज ब्यूरो ने लाखों की ठगी कर ली। मैरिज ब्यूरो ने चालक से लाखों रुपये ठग लिए, इसके बाद मंदिर में उसकी एक युवती से शादी करा दी। शादी के दौरान चालक ने लाखों रुपये के जेवरात नई नवेली दुल्हन को सौंप दिए। जालसाज दुल्हन बाथरूम जाने का बहाना बना कर मंदिर से फरार हो गई। दूल्हा बना ट्रक चालक कई घंटों तक परिजनों के साथ दुल्हन का इंतजार करता रहा। अब दूल्हा न्याय की गुहार लेकर साउथ जोन के थानों के चक्कर काट रहा। बुधवार को वह डीसीपी साउथ कार्यालय गुहार लगाने पहुंचा।

झांसी के एरच थाना क्षेत्र निवासी ट्रक चालक खलक सिंह ने बताया कि काफी दिनों पूर्व उनके पास एक फोन आया था। फोन करने वाली युवती ने खुद का नाम नेहा उर्फ ज्योति बताते हुए पलक मैरिज ब्यूरो से बात करने की बात कही। नेहा ने रजिस्ट्रेशन कराने पर शादी कराने की बात कही। आरोप है कि नेहा ने रजिस्ट्रेशन के 2500 रुपये खाते में डलवाए। इसके बाद फीस व आने-जाने व होटल में रुकने के नाम पर 1.10 लाख रुपये और डलवाए। बताया कि काफी समय बाद मैरिज ब्यूरो से फोन आया और प्रिया वर्मा नाम की युवती से शादी कराने की बात कह फोटो भेजी गई। परिजनों को युवती पसंद आने पर 10 अप्रैल की शादी की तारीख तय की गई। खलक ने बताया कि वह मंगलसूत्र, झुमकी, पायल, साड़ी लेकर मां सुशीला देवी के साथ बारह देवी मंदिर आया। उसकी युवती से शादी कराई गई। रस्मों रिवाज के बाद उसने जेवरात दुल्हन को पहनाए। इसके बाद दुल्हन ने लघुशंका जाने की बात कही और दोबारा नहीं लौटी। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। वह थानों के चक्कर काट रहा है।



पीड़ित दूल्हा खलक सिंह।

# फर्जी कंपनी बनाकर लाखों की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक पीड़ित ने दोस्त और उसके साथियों पर आरोप लगाया कि उन लोगों ने उससे धोखे से दस्तावेज लिए फिर उनको एमडी बनाकर फर्जी कंपनी खोलकर लोगों से लाखों की धोखाधड़ी की। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोयला नगर के स्वर्ण जयंती विहार निवासी मिलिंद सिंह यादव की दर्ज रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में उनके बचपन के मित्र गांधीग्राम निवासी अक्षत डी कुशवाहा ने उनकी सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर अपने साथियों गिरिजा नगर निवासी आशुतोष तिवारी, प्रशांत सिंह समेत अन्य से मिलवाया। इसके बाद आरोपियों ने उनके दस्तावेज ले लिए। फिर आरोपियों ने बिना उनकी जानकारी के दस्तावेजों का प्रयोग कर विंडवेरी नाम से फर्जी कंपनी खोली। उन्हें एमडी बना दिया गया। इसके बाद आरोपी बिना उन्हें कोई जानकारी दिए हुए लोगों से लाखों की ठगी कर साइबर अपराध करते रहे। पीड़ित ने बताया कि जब पांच मई 2022 में बरेली पुलिस एक साइबर अपराध में उनके दोस्त अक्षत को पकड़ ले गई तो उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। पुलिस के कार्रवाई न करने पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# उधार की रकम मांगने पर पीटा

**कानपुर।** चकेरी के सनिगवां इलाके में उधार की रकम मांगने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर युवक को बेल्ट से पीट दिया। पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की है।

सनिगवां निवासी अमित कुमार एक ज्वैलर्स की दुकान में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि दो माह पहले उनके इलाके के एक युवक ने पांच हजार रुपये उधार लिए थे। आरोपी ने एक माह में रकम वापस करने को कहा था। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी जब रकम नहीं मिली। तो अमित ने आरोपी के घर जाकर तगादा किया। इस पर आरोपी उनसे झगड़ने लगा। इसी बात की खुन्नस में आरोपी ने उन्हें मंगलवार की रात को घर जाते समय रास्ते मे रोका। फिर गाली गलौज करने लगा। विरोध पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर बेल्ट से मारा पीटा।

# मेडिकल कॉलेज की जरूरतों को पूरा करेगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी के साथ मिलकर गंभीर बीमारियों पर होंगे शोध कार्य भी

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में किन उपकरणों की जरूरत है, जो अस्पताल में नहीं उपलब्ध हैं और उनका लाभ मरीजों को मिलना चाहिए अब इस संबंध में कानपुर आईआईटी के इंजीनियर जीएसवीएम के अस्पतालों में आकर निरीक्षण करेंगे। उसके बाद आईआईटी के इंजीनियर संयुक्त उपकरण बनाएंगे। इसके अलावा आईआईटी और जीएसवीएम मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ साथ में मिलकर गंभीर बीमारियों पर शोध भी करेंगे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से हैलट, बाल रोग, जच्चा-बच्चा अस्पताल, मुरारी लाल चेस्ट व संक्रामक रोग अस्पताल संबद्ध है। वही, अभी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल भी जीएसवीएम के अंतर्गत ही है।

इन अस्पतालों में मरीजों के इलाज के संबंध में किन नई अत्याधुनिक तकनीकों की उपकरण व मशीनें होनी चाहिए, जिसका लाभ मरीजों को सीधे मिले और वह जल्द से जल्द से स्वस्थ हो सके। इस संबंध में तीन जून से लेकर 20 जून तक आईआईटी के इंजीनियर इन अस्पतालों में बने आईसीयू, इमरजेंसी, एसएनसीयू, लैब व वार्ड आदि में भ्रमण करेंगे। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि आईआईटी के प्रो.बंद्योपध्याय से वार्ता हुई है। आईआईटियंस जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की जरूरतों को समझेंगे। उसके बाद वह जरूरत के हिसाब से मेडिकल कॉलेज के लिए संयुक्त उपकरण बनाएंगे। साथ ही गंभीर बीमारियों की रोकथाम व सटीक इलाज के संबंध में दोनों लोग मिलकर शोध भी करेंगे। इससे इलाज की नई विधियों और उपायों का लाभ मरीजों को मिल सकेगा।




## सार-संक्षेप

### गीता टंडन महिला समिति की चेयरमैन नामित

**कानपुर।** अंतराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, पूर्व स्टेट चैंपियन व स्वर्ण पदक विजेता आयकर अधिकारी गीता टंडन कपूर को यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन महिला समिति ( कमीशन) का चेयरमैन नामित किया गया है। यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के अवैतनिक सचिव निर्माय मित्रा ने बताया कि कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। गीता टंडन 2024-25 के लिए नामित की गई हैं। उनके चेयरमैन नामित होने पर यूपीटीटी के अध्यक्ष संजीव पाठक, डॉ. एएस प्रसाद, आशीष कपूर, संजय टंडन, सुनील सिंह, अनुराग जायसवाल, अवनीश व दादानगर कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने उन्हें बधाई दी है। बता दें कि गीता टंडन जुलाई में रोम में आयोजित होने वाली विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भाग लेंगी।



गीता टंडन।

### नहर से निकली स्कूटी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में आवास विकास नहर में बुधवार शाम शव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब जाकर बाहर निकाला तो स्कूटी निकली। जिसके मालिक की तलाश की जा रही है। सफेद रंग की टूटी हुई स्कूटी की नंबर प्लेट टूटी हुई थी। स्कूटी को पत्थरों द्वारा मारकर क्षतिग्रस्त किया गया था। इसके मालिक का पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कल्याणपुर थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि स्कूटी के इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाया जा रहा है। शव निकलने की बात अफवाह थी।

# मधुराष्टकम, एरा डांस ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी का सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया

**अमृत विचार।** आईआईटी का सांस्कृतिक उत्सव ' जज्बा ' बुधवार को अनूठी प्रतिभा और सामुदायिक भावना के प्रदर्शन से संपन्न हुआ। इस जीवंत उत्सव में कैंपस समुदाय के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

आईआईटी में महिला संघ ने मनोरम सांस्कृतिक उत्सव जज्बा की मेजबानी की।

इस अवसर पर आईआईटी के निदेशक प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल, महिला संघ की संरक्षक रचना अग्रवाल और पूर्व संरक्षक अरुणा करंदीकर, राजेलक्ष्मी गणेश की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। मुख्य आकर्षण में सरस्वती वंदना, मंत्रमुग्ध कर देने वाला पश्चिमी नृत्य, मधुराष्टकम और एरा डांस रहा। जिसमें वहीदा रहमान से लेकर आलिया भट्ट तक की अभिनेत्रियों के दौर को खूबसूरती से दर्शाया गया। कोरोना लॉकडाउन धमाल पर एक आनंदमय नाटक का प्रदर्शन हुआ। प्रो. संजय मित्तल के सैक्सोफोन वादन ने शाम को संगीतमय किया।



नृत्य से अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। अमृत विचार

# छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के दांव-पेच

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में आत्मरक्षा सिविल में स्पेशल आत्मरक्षा तकनीक को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जीडीए की तकरीबन 100 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कैंप पूर्णिमा के सानिध्य में लगाया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय रैफरी विजय कुमार ने मौजूद छात्राओं को कराटे के दांवपेच सिखाए। इस अवसर पर खेलकूद सचिव डॉ. प्रभाकर ने बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया। विभाग अध्यक्ष डॉ. सरवन, एसोसिएट प्रोफेसर निमिषा व पूर्व खेल सचिव डॉ. आशीष कटियार मौजूद रहे।

# असलहों के साथ डांस में हिस्ट्रीशीटर पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- समाजवादी पार्टी के नेता पिंटू ठाकुर के साथ वायरल हुआ था वीडियो

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के नेता पिंटू ठाकुर, हिस्ट्रीशीटर समेत पांच लोगों को असलहों के साथ डांस करते वीडियो सोशल मीडिया पर होने के बाद पुलिस ने खानापूर्ति करते हुए

हिस्ट्रीशीटर ज्ञान प्रकाश बाजपेई उर्फ ज्ञानू बाजपेई के खिलाफ भय फैलाने के साथ अन्य धाराओं में एफ आई आर दर्ज की गई है।

सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में सपा नेता पिंटू ठाकुर, कलक्टरगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर ज्ञानू बाजपेई, पूती समेत पांच लोग नजर आये थे। यह सभी एक फिल्मी गीत की धुन पर डांस करते दिखे थे। इनके हाथों में असलहें थे। वीडियो को पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई की।



### ज्ञान के अपराध की फेहरिस्त है लंबी

- ज्ञान प्रकाश बाजपेई उर्फ ज्ञानू बाजपेई निवासी कलक्टरगंज के खिलाफ शहर के कलक्टरगंज, जूही, कोतवाली, फीलखाना, शिवराजपुर, किदवई नगर, ग्वालटोली समेत अन्य थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पहली बार ज्ञान घंटाघर में नीलम होटल के मालिक की हत्या में चर्चा में आया था। वीडियो में वह असलहे को तेजी से हिलाकर मौज लेते नजर आया।

### अब पिल्ला डॉन का वीडियो वायरल

- **कानपुर।** बादशाहीनाका थानाक्षेत्र में स्थित हालसी रोड में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक युवक द्वारा दूसरे युवक को सड़क पर खुलेआम लाठी से मारा जा रहा था। इस दौरान राहगीर तमाशबीन खड़े नजारा देखते रहे। तभी किसी राहगीर ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की जब तहकीकात की तो कुछ लोगों ने बताया कि पिटाई करने वाला युवक पिटने वाले का सगा भाई है। पीटने वाले का नाम शातिर अपराधी पिल्ला डॉन है। जिस पर कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस वायरल की जांच कर रही है।

मेहनत को सलाम | विश्व श्रमिक दिवस पर मेट्रो में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# स्कूली बच्चों ने नृत्य कर कामगारों का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व श्रमिक दिवस पर बुधवार को केंद्रीय विद्यालय अर्मापुर ने मेट्रो मोतीझील स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम किये। छात्रों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान करने वाले श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने इस अवसर पर अलग-अलग व्यवसाय और काम से जुड़े लोगों की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रस्तुति की। मेट्रो के अधिकारियों और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इस अवसर पर स्टेशन के हाउसकीपिंग स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय विद्यालय, अर्मापुर से आए 100 से अधिक छात्रों ने मोतीझील से आईआईटी स्टेशन तक मेट्रो जॉय राइड का आनंद भी लिया।




मेट्रो के कार्यक्रम में पुरस्कार भी दिए गए। अमृत विचार




आयुध निर्माणी के बाहर शरबत वितरण हुआ। अमृत विचार

### कल्याणपुर स्टेशन पर दंत परीक्षण शिविर

- कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार सुबह महाराणा प्रताप डेंटल कॉलेज द्वारा दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में मेट्रो कर्मचारी और यात्री निशुल्क हिस्सा ले सकेंगे। इस दौरान उन्हें दंत परीक्षण के साथ-साथ मौखिक स्वच्छता और सामान्य दांत संबंधी समस्याओं पर परामर्श दिया जाएगा।

### शहीद मजदूरों को दी श्रद्धांजलि

- कानपुर। मजदूर दिवस पर आयुध निर्माणी में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा हुई। मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने 1886 में शिकागो में पुलिस की गोली से शहीद हुए मजदूरों को याद किया। शहीद मजदूरों की याद में आयुध निर्माणी के मुख्य द्वार पर नमकीन व शरबत का वितरण किया गया। रविंद्र यादव, पंकज यादव, छुन्ना कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, विनीत सिंह, नरेश कुमार, मनोज यादव, राम प्रताप कटियार, हैदर अली, विक्रम सिंह, साबिर अली आदि मौजूद रहे।

# एथलेटिक्स दिवस पर चैंपियनशिप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सात मई को क्राइस्ट चर्च मैदान पर आयोजन

**अमृत विचार।** विश्व एथलेटिक्स दिवस पर सात मई को दो दिवसीय जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप क्राइस्ट चर्च कालेज मैदान पर आयोजित होगी। कानपुर एथलेटिक्स एसोसियेशन के सचिव डॉ. देवेश दुबे ने बताया कि इस चैंपियनशिप का आयोजन विश्व एथलेटिक्स दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। विश्व एथलेटिक्स दिवस हर साल सात मई को मनाया जाता है।

एसोसियेशन के सचिव ने बताया कि एक से 15 मई तक चलने वाले पखवाड़े को सभी देशों में विश्व एथलेटिक्स सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। शहर में बच्चों के लिए ट्रैक एंड फील्ड इवेंट कई आयु वर्ग में आयोजित होंगे।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ की प्रेरणा से कानपुर जिला एथलेटिक्स संघ आठ आयु वर्गों के जूनियर एथलीटों के लिए जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित करेगा। इस मीट में आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड स्कूलों के छात्र भाग ले सकते हैं। सभी आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को प्रमाणपत्र के अलावा पदक व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। पुरुष और महिला समूह को चैंपियनशिप प्राप्त अंकों के आधार पर दी जाएगी।

### 43 जिलों के 674 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**कानपुर।** केसीए से आबद्ध जेएनटी स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाली अंडर-12 जेएनटी प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के 43 जिलों से 674 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बुधवार को संस्था के सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि रजिस्ट्रेशन में सबसे अधिक 408 कानपुर जोन और 135 लखनऊ जोन के प्रतिभागी हैं। जिसमें नौ वर्ष के 29, 10 वर्ष के 136, 11 वर्ष से कम के 255 और 12 वर्ष से कम उम्र के 254 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने बताया कि कानपुर साउथ मैदान पर बैच का वितरण प्रारंभ हो गया है। जिसके लिए बुधवार को मैदान पर काफी भीड़ रही। गुरुवार को भी बैच का वितरण किया जाएगा। संजय शुक्ला ने बताया कि शहर से बाहर के जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, वह अपने बैच ट्रायल के दिन प्राप्त कर सकते हैं। टूर्नामेंट के ट्रायल तीन से पांच मई तक कराए जाएंगे।




गुमटी गुरुद्वारे के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को ठीक करता कर्मचारी। अमृत विचार



छाटे गए पेड़ों को उठाकर ले जाती नगर निगम की टीम। अमृत विचार


फजलगंज में डिवाइडर का रंगरोगन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# रोड शो के लिए प्रशासन सड़क पर, चमका रहे रूट

## गुमटी से संतनगर चौराहे होते हुए फजलगंज खोया मंडी तक होगा मोदी का रोड शो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। एक-एक पल की अपडेट अफसरों को शासन में देनी पड़ रही है। पूरे रूट पर डिवाइडर पर रंगरोगन किया जा रहा है। अतिक्रमण को साफकर केबिल, तारों को काटकर फेंक दिया गया है। पेड़ों की कटाई और छटाई का काम किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र के खराब सीसीटीवी को ठीक करने का काम किया जा रहा है।

चार मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो गुमटी गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद शुरू होगा। बुधवार को सुबह से ही मंडलायुक्त अमित गुप्ता, जिलाधिकारी राकेश सिंह, एडीएम सिटी राजेश कुमार समेत पुलिस के आलाधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ पूरे रूट पर मार्च किया। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अपर पुलिस आयुक्त हरीश चन्दर, डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम समेत अन्य अफसरों के साथ पूरे रूट का निरीक्षण किया। प्रशासनिक और पुलिस के अफसरों ने गुमटी के व्यापारियों से बातचीत की।


### व्यापारी करते रहे बैठक

- गुमटी व्यापार मंडल के पदाधिकारी दुकानदारों के साथ मोदी के रोड शो को लेकर बैठक करते रहे। लोगों का कहना था कि उनके लिए देश के प्रधानमंत्री का गुमटी में होना गर्व की बात है। प्रशासन उन लोगों को स्वागत का मौका दे।

### दिन भर चलते रहे जनरेटर

- रोड शो के पूरे रूट पर बिजली की पुरानी लाइन हटाकर नई लाइनें डालने के कारण गुमटी और संतनगर चौराहे के आसपास बिजली गुल रही। दिन भर दुकानों और घरों में जनरेटरों का शोर रहा। शाम होते-होते वहां रहने वाले लोगों के लिए लाइनों को जोड़ दिया गया था।

**04**
मई को आएंगे प्रधानमंत्री मोदी, पेड़ों की छटाई, रंगाई-पुताई तेज


बिजली के पोल पर चढ़कर नए तार बांधता विद्युतकर्मी। अमृत विचार

# भारी वाहनों पर रोक, न करें जीटी रोड का प्रयोग

**ट्रैफिक व्यवस्था**

- रोड शो के चलते ट्रैफिक पुलिस ने की अपील
- 24 घंटे तक शहर में प्रवेश न कर पाएंगे भारी वाहन
- आवश्यक वस्तु वाले वाहनों को छूट रहेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पीएम मोदी के रोड शो को लेकर शहर में 24 घंटे के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। डीसीपी ट्रैफिक ने इसके लिए ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। तीन मई की रात से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। ट्रैफिक पुलिस ने रोड शो के दौरान शहरवासियों से जीटी रोड का प्रयोग न करने की अपील की है।

चार मई की शाम शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो प्रस्तावित है। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि रोड शो के कारण शहर और आसपास के जिलों से भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित होंगे।

ऐसे में शहर में जाम कि स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध तीन मई की रात 11 बजे से चार मई की रात 11 बजे तक प्रभावी रूप से लागू रहेगा। ये आदेश आवश्यक वस्तुओं (मेडिकल, दूध, सब्जी आदि) की आपूर्ति करने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा।

# कंट्रोलिंग स्विच से बिजली पर किया जाएगा नियंत्रण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**08** फीट तक की ऊंचाई के तार होंगे इंसुलेटेड कवर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का रूट पूरी तरह सुरक्षित होगा। नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग खंभों पर जल रही लाइटों को एक कंट्रोलिंग स्विच से कंट्रोल करेगा। मार्ग प्रकाश के लिये लगी लाइटों के स्विच और आठ फीट ऊंचाई के तारों को इंसुलेटेड कवर किया जायेगा। ताकि किसी भी अनहोनी से पलक झपकते निपटा जा सके।

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर शासन की ओर से गाइडलाइन जारी करते हुये नगर निगम के मार्ग प्रकाश के प्रभारी अभियंता को कहा गया है कि समय रहने काम पूरा कर लिया जाये।

विद्युत सुरक्षा के सहायक निदेशक आलोक शुक्ला ने नगर निगम से कहा है कि निर्धारित मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों को कंट्रोल करने के लिये कंट्रोलिंग स्विच लगाया जाये। जर्जर पोलों को बदला जाये और अर्थिंग चेक कर ली जाये। क्षतिग्रस्त तारों को तुरंत बदला जाये। खराब लाइटों को तुरंत हटाकर नई लाइटें लगवाई जायें।

# पांच मई को इटावा में मोदी की सभा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा के भरथना विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को जनसभा को संबोधित करेंगे। फर्रुखाबाद, कन्नौज एवं मैनपुरी लोकसभा की जनता से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की अपील करेंगे।


भाजपा-कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी लोकसभा के प्रभारी संयोजक एवं जिला अध्यक्षों को जनसभा में आम जनता की भागीदारी बढ़ानी है। जिम्मेदारी सौंप दी गई हैं। क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि यह जनसभा बिधूना-भरथना मार्ग पर प्रस्तावित है।

### पीएम के रोड शो की ली जानकारी

- कानपुर। प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पंकज सिंह ने बुधवार को सवाया होटल लाजपत नगर में पीएम मोदी के रोड शो के बारे में भी पूरी जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल संयोजक, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर चर्चा की। सभी से पूछा गया कि कार्यक्रमों में क्या-क्या हुआ, वार्ड स्तर पर कितना संपर्क हुआ, बूथ स्तर पर कितने बार कौन-कौन मिलने गया पर्ची कहा कहां तक बांटी गई है।

# मुद्दा विहीन विपक्ष फैला रहा भ्रम: पंकज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


युवा सम्मेलन में आए कानपुर प्रभारी पंकज सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को भाजपा के युवा सम्मेलन में शामिल हुये प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पंकज सिंह ने कहा कि विरोधी पार्टियां एकमत होकर पीएम मोदी के खिलाफ भ्रम फैलाने का कार्य कर रही हैं। विपक्ष के पास कोई विकास का मुद्दा नहीं है इसलिए वह यह झूठ फैला रहे हैं कि संविधान खतरे में है और भाजपा सरकार बनते ही आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान को कोई भी बदल नहीं सकता है।

युवा सम्मेलन का कार्यक्रम राहुल कैसल पनकी में जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शिवांग मिश्रा के नेतृत्व में रखा गया। कानपुर महानगर के प्रभारी पंकज सिंह ने कहा कि युवा कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए कह सकता हूं कि भाजपा का कमल यूपी की सभी 80 सीटों पर खिलने जा रहा है। कानपुर में हम 5 लाख से भी ज्यादा मतों से जीत रहे हैं। अपने आस-पास के 10 मकानों की जिम्मेदारी युवा मोर्चा द्वारा ली जाए। हर घर पर संपर्क करके एक-एक मतदाता को मतदान स्थल तक पहुंचाएं। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिले के महामंत्री कौशलेंद्र सिंह परिहार ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू, अंकित गुप्ता, सुजीत चंदेल, शिववीर सिंह भदौरिया, निष्ठा कटियार, अंकित बाजपेई, आनंद मिश्रा, खेमराज शर्मा, मनीष बाजपेई, पवन गुप्ता, अजय भदौरिया मौजूद रहे।

# जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण डीएम की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ।

बुधवार को प्रशिक्षण में डीएम आलोक सिंह ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए प्रशिक्षण में जो जानकारियां दी जा रही हैं। उसे भली भांति समझ लें। जहां शंका हो उसका समाधान यथा समय कर लिया जाए। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है। ईवीएम-वीवीपैट के संबंध में जो भी जानकारी दी जा रही है।

# भाजपा के 26 विभागों पर रोड शो की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुरेंद्र मैथानी के साथ चारों जिलाध्यक्ष बने समन्वयक
- प्रमिला पांडेय और नवीन पंडित निभाएंगे स्वच्छता की जिम्मेदारी


गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की जिम्मेदारी भाजपा के 26 विभाग निभाएंगे। रोड शो के इंचार्ज यूपी के मंत्री बसंत त्यागी व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बुधवार को बैठक कर सभी को जिम्मेदारी सौंप दी। क्षेत्रीय कार्यलय में बैठक के बाद प्रकाश पाल ने गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की भूमिका तय की।

रोड शो में व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी विधायक सुरेंद्र मैथानी को दी गई है। इसके साथ ही चारों जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा, मनोज शुक्ला को कार्यक्रम समन्वयक बनाया गया है। वहीं, जनता को ब्लॉकों तक लाने की जिम्मेदारी राम किशोर साहू, सुनील तिवारी, कृष्ण मुरारी शुक्ल को सौंपी गयी है। वाहन व्यवस्था की जिम्मेदारी चंद्र प्रकाश गंगवानी निभाएंगे। महापौर प्रमिला पांडेय व पार्षद दल के नेता नवीन पंडित स्वच्छता अभियान के प्रमुख होंगे। इसी तरह कार्यक्रम के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी पवन प्रताप, आलोक मिश्र व शिव पूजन सविता की होगी। आईटी की जिम्मेदारी मयंक भट्ट, जनमेजय सिंह व अमित गुप्ता को सौंपी गयी है। रथ व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रमोद त्रिपाठी सेफ हाउस की जिम्मेदारी जितेंद्र शर्मा, गणेश शुक्ल, अभिनव दीक्षित को दी गई। वहीं, आने वाले अन्य अतिथि की व्यवस्था मोहित पांडेय, मुकेश भाटिया व रूट व्यवस्था, साज सज्जा, ब्लॉक मैनजमेंट की जिम्मेदारी आनंद राजपाल, अनुपम मिश्र, अर्जुन बेरिया, रेवंत मिश्र को सौपी गयी। वीवीआईपी पार्किंग व्यवस्था संदीपन अवस्थी, सत्यम गुप्ता को सौपी गयी। प्रधानमंत्री के रोड शो में मीडिया से समन्वय की जिम्मेदारी क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी व पूर्व जिला मीडिया प्रभारी नीरज गुप्ता को दी गयी। कार्यक्रम के लिये 40 ब्लॉकों का निर्माण कराया जा रहा है।


जनसंपर्क करते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

### भारत की तरक्की में श्रमिकों का सबसे बड़ा योगदान

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल ने बुधवार को घाटमपुर विधानसभा के कई गांवों में संपर्क किया और नुक्कड़ बैठकों में हिस्सा लिया। जनसंपर्क की शुरूआत संविधान को बचाने की शपथ से हुई। श्रमिक दिवस पर टेनापुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए देश के श्रमिकों को देश को शान बताया। कहा कि भारत ने जितनी भी तरक्की की हैं, उसमे श्रमिकों का सबसे बड़ा योगदान हैं। श्रमिकों के खुश रहने से देश सुखी रह सकता हैं। इसलिए अबकी बार इंडिया गठबंधन ने श्रमिक कल्याण को अपने घोषणापत्र में शामिल किया हैं। सांसद बनने पर घाटमपुर पॉवर प्लांट जल्द से जल्द चालू करवाया जाएगा और उसमे घाटमपुर के निवासियों को नौकरी में प्राथमिकता मिले इसका भी हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक इन्द्रजीत कोरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय, नंदराम सोनकर, राजू वर्मा, शैलू सोनकर, अनिल सोनकर वारसी, विजय पटेल, डॉ. कृपा शंकर, इकलाक पहलवान, महेश श्रीवास्तव समेत आदि लोग रहे।

# आब्जर्वर, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ट्रेनिंग दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माइक्रो आब्जर्वर ईवीएम, पीठासीन व जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बुधवार को सीएसए के कैलाश भवन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 37 माइक्रो आब्जर्वर और छह सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट गैरहाजिर रहे।


जानकारी देते प्रशिक्षक।

बुधवार को दो पाली में प्रशिक्षण दिया गया। माइक्रो आब्जर्वर ईवीएम में 425 को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि 23 गैरहाजिर रहे। माइक्रो आब्जर्वर पोस्टल बैलट में 225 ने प्रशिक्षण लिया, 14 अनुपस्थित और सेंटर व जोनल मजिस्ट्रेटों में 320 को प्रशिक्षण मिला, छह गैरहाजिर रहे। प्रशिक्षण के दौरान कानपुर सीट की आब्जर्वर आईएएस डी रत्ना, अकबरपुर सीट की आब्वर्जर आईएएस डॉ. कादंबरी बलकावड़े, जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे।


प्रशिक्षण में मौजूद विभिन्न विभागों के अफसर। अमृत विचार

इस दौरान माइक्रो आब्जर्वर ईवीएम को मतदान से पहले, कार्मिको के प्रस्थान, मतदान दिवस के दिन, मतदान पार्टियों के जमा कराए गए सामान और मतदान के बाद सभी चरणों का प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि सेक्टर व जोन के सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण उपलब्ध कराए गए रूट चार्ट के अनुसार पहले ही कर लें। जिससे यह पता चल जाए कि कौन से मार्ग सुगम और कम समय वाला है। साथ ही अगर किसी भी केंद्र पर कोई समस्या दिखे तो उसे बताया जाए। अगर पेयजल, छाया, रैंप व शौचालय की समस्या दिखे तो उसका संज्ञान लिया जाए। वेबकास्टिंग के लिए बिजली की उपलब्धता, बूथों पर वाहनों का आवागमन, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की आवश्यकता आदि की स्थिति की जानकारी कर संबंधित को अवगत कराया जाए।

# 87 शस्त्र लाइसेंस निरस्त 1168 पर मिनी गुंडा एक्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 37 हजार 320 लोगों को किया गया पाबंद
- एक करोड़ 52 लाख से ज्यादा कैश किया जब्त

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले डेढ़ महीने में कमिश्नरेट पुलिस ने 1168 अपराधियों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। 87 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए हैं। 37 हजार 320 लोगों को पाबंद किया गया है और आठ अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की।

पुलिस ने एक करोड़, 52 लाख, 49 हजार 80 रुपये जब्त किए हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि डेढ़ माह में कमिश्नरेट पुलिस ने 102 अवैध असलहों के साथ ही 341 किग्रा मादक पदार्थों व अवैध शराब की बरामदगी कर कई आरोपियों को जेल भेजा गया। 107/116 के तहत कार्रवाई करते हुए 2329 लोगों को पाबंद कर 37,320 लोगों को शांतिभंग में चालान किया गया।

1168 अपराधियों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट और 186 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। 1008 वारंटियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। अभी तक 17,245 शस्त्र जमा करा लिए जा चुके हैं।

# कार्यकर्ता के बल पर जीतेंगे 2024 का रण : भोले

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ महाराजपुर विधानसभा के आवास विकास, हंस पुरम प्राइमरी स्कूल लालपुर, पहाड़पुर, खाडेपुर चौराहा, यशोदा नगर, नौबस्ता, लेबर चौराहा, राजीव विहार, विवेकानंद इंटर कॉलेज कर्रही, जरौली आदि क्षेत्रों में समर्थकों के साथ बैठक एवं जनसंपर्क किया। भोले ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा भाजपा कार्यकर्ता का शरीर कभी ठहरता नहीं है। सोते- जागते जो गतिशील रहता है वही तो भाजपा का कार्यकर्ता है। भाजपा कार्यकर्ता के बल पर 2024 का रण हम जीतने जा रहे हैं। सतीश महाना ने कहा अकबरपुर लोकसभा निश्चित रूप से पांच लाख से अधिक मतों से जीती जाएगी। मनोज सिंह, शैलेंद्र त्रिपाठी, पवन दीक्षित, सरस्वती चरण, शिवम मिश्रा, अर्चना सिंह, स्नेह लता, अनुराग सिंह रहे।


सतीश महाना और देवेंद्र सिंह भोले का स्वागत किया गया। अमृत विचार


भाजपा में शामिल पार्षद गुंजन शर्मा और आदर्श दीक्षित का स्वागत किया गया।

### भाजपा में शामिल दो पार्षदों का स्वागत

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी परिवार में हाल में सदस्यता ग्रहण करने वाले वार्ड 72 (दबौली) के पार्षद गुंजन शर्मा और वार्ड 55 (गुजैनी) के पार्षद आदर्श दीक्षित का भाजपा रतनलाल नगर मंडल कार्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। मण्डल अध्यक्ष सुमित पावा ने दोनों को फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। दोनों पार्षदों ने भाजपा प्रत्याथी रमेश अवस्थी को जिताने के लिए जी-जान से प्रयास करने की बात कही। अपने क्षेत्र में घर-घर संपर्क करने की बात कही। इस मौके पर रतनलाल नगर के पार्षद नीरज कुमार गुप्ता, देवेंद्र दिवेदी, पार्षद आरती विजय गौतम आदि भी मौजूद रहे।

# नौकरी न देनी पड़े इसलिए भाजपा करवा रही पेपर लीक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने बुधवार को सबसे पहले मेस्टन रोड बीच वाले मंदिर से चौक सर्राफा, बिसाती बाजार, रोटी वाली गली व नई सड़क में जनसंपर्क किया। जगह-जगह लोगों ने माला पहनाकर लोगों ने प्रत्याशी आलोक मिश्रा का स्वागत किया। कहा कि महंगाई चरम पर है। किसानों और गरीबों से उनकी आय दोगुनी करने के जो वादे किए गए थे, वे सभी धोखा दे चुके हैं। अग्निवीर की तरह भाजपा नौकरियां नहीं देना चाहती हैं और इसलिए जानबूझकर परीक्षा पत्र लीक किए गए। खलासी लाइन शास्त्री भवन में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय कार्यालय में उन्होंने संविदा कर्मियों को समर्थन पत्र दिया और श्रमिकों व असंगठित मजदूरों के साथ बैठक की। हर प्रकाश अग्निहोत्री, नौशाद आलम मंसूरी, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, पीएस बाजपेयी आदि रहे।


जनसंपर्क करते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

# पांडु नदी में डूबे दूसरे युवक का भी शव बरामद

संवाददाता, चौबेपुर


अंकित।


भजनलाल।

- मंगलवार दोपहर नहाते समय नदी में डूबे थे दोनों युवक
- शव बरामद होने के बाद पूरा परिवार रो-रोकर बेहाल

**अमृत विचार :** क्षेत्र के बाचीपुर गांव के सामने मंगलवार दोपहर नहाने के दौरान पांडु नदी में डूबे दूसरे युवक का शव बुधवार सुबह घटनास्थल के पास ही गोताखोरों की मदद से पुलिस ने बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना से दोनों ही परिवारों के लोगों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

मंगलवार को क्षेत्र के बाचीपुर गांव निवासी मानसिंह का बेटा अंकित (18) अपने मौसा भजनलाल (45) निवासी बारा सिरोही, कल्यानपुर के साथ खेत में पानी लगाने गया था। दोपहर में फसल की सिंचाई के बाद दोनों पास में पांडु नदी में नहाने के लिए गए थे, जहां अचानक गहरे पानी में चले जाने से दोनों युवक नदी में डूब गए थे। आसपास मौजूद ग्रामीणों के शोर मचाने पर कुछ तैराकों ने नदी में छलांग लगा दी थी और किसी तरह भजनलाल को बाहर निकाल लिया था, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंकित की तलाश के लिए गोताखोरों को नदी में उतारा था। देर रात तक चले सर्च ऑपरेशन में अंकित का कोई पता नहीं लग सका था। लापता युवक की तलाश के लिए बुधवार की सुबह पुलिस ने फिर गोताखोरों को नदी में उतारा। इस दौरान चेकडैम के पास अंकित का शव बरामद हो गया। खोजबीन के दौरान नदी किनारे ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र रही।


शव मिलने के बाद रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

### परिवार का एकलौता बेटा था अंकित

बताते हैं कि मानसिंह के दो बेटियों के बीच अंकित एकलौता बेटा था। इस वर्ष वह इंटरमीडिएट का छात्र था। पढ़ाई के साथ वह काम में पिता का हाथ बंटाता था। शव मिलते ही पिता मानसिंह, मां लक्ष्मी देवी, बहन नीलम व हिमांशी दहाड़ मारकर रो पड़ीं। परिजनों को बिलखते देख हर शख्स की आंखें नम हो गईं। गांव के लोग परिजनों को ढांढस बंधाते रहे। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों युवकों के शव बरामद हो गए हैं।

# पत्र विक्रेता संघ का स्थापना दिवस मना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घंटाघर सेंटर पर बुधवार को समाचारपत्र विक्रेता संघ का 42वां स्थापना दिवस शरबत वितरण कर धूमधाम से मनाया गया। संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव व युवा समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश त्रिवेदी ने संघ के संस्थापक स्व. दादा क्रांति कुमार तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया।

वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव ने बताया कि समाचार पत्र वितरकों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए एक मई 1982 को स्व. दादा कांति कुमार तिवारी के नेतृत्व में समाचार पत्र विक्रेता संघ की स्थापना हुई थी। जल्द नगर के पत्र वितरकों के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वितरक पलायन व रद्दीकरण को रोकने की रणनीति बनाई जाएगी। वरिष्ठ पत्र वितरकों व संघ की स्थापना के समय संघर्षरत साथियों को सम्मानित किया जाएगा। घंटाघर सेंटर अध्यक्ष अनिल बाजपेई, विजय अवस्थी, पंडित हरिनारायण दीक्षित, दिनेश पांडे, राजकुमार पांडे, श्याम अवस्थी, विपिन अवस्थी, विजय यादव, अनिल तिवारी, सर्वेश तिवारी, श्याम सुंदर, विनय साहू, प्रफुल्ल मिश्रा आदि मौजूद रहे।



दिवंगत दादा क्रांति कुमार तिवारी को नमन किया गया। अमृत विचार

- संघ के संस्थापक स्व. दादा क्रांति कुमार तिवारी के चित्र पर किया माल्यार्पण

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**बिल्हौर।** कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव के विनोद की पत्नी निशा (35) ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। निशा के परिवार में पति व चार बच्चे हैं। उसका पति मजदूरी करता है। शाम को उसने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वजह साफ नहीं हो सकी।

### फरार अपराधी को भेजा जेल

**चौबेपुर।** लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को मंगलवार की रात पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के जैतपुर निवासी विवेक रंजन उर्फ गुड्डू लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। उसकी तलाश चल रही थी। उसे देर रात उप निरीक्षक आनंद कुमार पांडेय व रोहित त्रिपाठी ने गांव के पास से ही गिरफ्तार किया। उसे जेल भेजा गया है।

### पेड़ काटने पर तीन पर केस

**बिल्हौर।** ककवन क्षेत्र के शाहपुर दुलू में पेड़ों की अवैध कटान में बुधवार को लेखपाल की तहरीर पर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। लेखपाल गोपाल दीक्षित की तहरीर में कहा गया कि गांव की गाटा संख्या 520/ 5 बंजर में दर्ज है। बांस की कोठी, जामुन, महुआ के पेड़ ठेकेदार मो .तारिक, अशफाक से मिलकर गांव के सतीश प्रसाद ने कटवा लिया। प्रधान ने रोका तो झगड़े पर उतारू हो गए। डीएफओ दिव्या की सख्ती के बाद लेखपाल ने तहरीर दी।

# प्रेमी ने बुलाकर की थी युवती की हत्या

## वारदात को अंजाम देने के बाद सूरत भाग गया था हत्यारोपी प्रेमी, सीडीआर से पुलिस का गहराया शक

**रैपुरा कांड का खुलासा**

संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव में सात दिन पहले हुई युवती की हत्या का बुधवार को डीसीपी साउथ ने खुलासा कर दिया। युवती की हत्या करने वाला उसका प्रेमी ही निकला। दोनों के बीच चार साल से प्रेम संबंध थे। युवती की शादी तय होने के बाद प्रेम संबंध खत्म हुए तो प्रेमी ने हत्या की योजना बनाई और दूसरे मोबाइल से काल कर उसे आखिरी बार मिलने के लिए बुलाया। गला दबाकर हत्या करने के बाद सूरत भाग गया। सजेती पुलिस ने गांव लौटते समय भोगनीपुर से गिरफ्तार कर लिया।

23 अप्रैल की शाम रैपुरा गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती खेत गई थी और उसके बाद लापता हो गई थी। 24 अप्रैल की सुबह युवती का शव घर से डेढ़ सौ मीटर दूर झाड़ियों के बीच पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस को घटनास्थल से कुछ ऐसे क्लू मिले थे, जिनके आधार पर तफ्तीश आगे बढ़ी तो कातिल तक पहुंचने के लिए पुलिस का रास्ता साफ होता गया।

बुधवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि युवती के गांव के ही विजय सिंह उर्फ हिम्मत सिंह से चार साल से प्रेम संबंध थे। युवती की शादी तय होने के बाद उसने प्रेमी से रिश्ता खत्म किया तो प्रेमी युवक उसकी जान का दुश्मन बन बैठा। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने युवती के मोबाइल की काल डिटेल रिकार्ड (सीडीआर) खंगाली तो एक नंबर पर कई घंटों तक बातचीत होने की बात सामने आई।

ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि युवती के गांव के ही युवक विजय सिंह उर्फ हिम्मत सिंह से प्रेम संबंध थे। विजय सूरत में फैक्ट्री में काम करता था। करीब तीन माह पहले वह गांव आया था। पुलिस विजय के घर पहुंची तो पता चला कि वह सूरत चला गया है। इसके बाद पुलिस का शक और गहरा गया। घटना को अंजाम देने के बाद विजय जंगल के रास्ते भाग कर कालपी और फिर उरई, झांसी होते हुए सूरत पहुंच गया था। मंगलवार देर रात विजय गांव लौट रहा था, तभी भोगनीपुर के पास पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी विजय से पूछताछ करते डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार। अमृत विचार

### फोन काटने के बाद नंबर ब्लॉक कर देती थी युवती

हत्यारोपी प्रेमी विजय उर्फ हिम्मत ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से युवती ने उससे फोन पर बात करना बंद कर दिया था। कई बार फोन मिलाने पर वह काट देती थी और नंबर भी ब्लॉक कर देती थी। बार-बार परेशान करने पर युवती ने अपने परिजनों को पूरी बात बताई। युवती के परिजनों ने विजय के घरवालों से शिकायत की तो उसके पिता ने जमकर पिटाई की थी। इसी के बाद विजय ने उससे बदला लेने की ठान ली थी।

### पुलिस ने आरोपी के भाई पर बनाया था दबाव

घटनास्थल से बरामद अंगौछा की तस्दीक होने के बाद पुलिस ने आरोपी विजय उर्फ हिम्मत के भाई को उठाया था। पुलिस ने थाने में उससे पूछताछ करने के बाद इस शर्त पर छोड़ दिया था कि विजय जहां भी है, उसे फौरन बुलाओ। बताते हैं कि पुलिस से बचने के लिए भाई और उसके परिवार ने विजय से संपर्क साधा। एक सदस्य उसे गांव वापस लाने के लिए गया। जब दोनों बस से लौट रहे थे, तभी पुलिस ने भोगनीपुर चौराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 'अंगौछा' ने पुलिस को कातिल तक पहुंचाया

हत्यारोपी विजय ने बताया कि 23 अप्रैल की शाम उसने करीब चार-पांच महीने से बंद पड़े मोबाइल नंबर में रिचार्ज कर फोन किया तो युवती ने उल्टी-सीधी बात की। विजय ने दोबारा काल न करने की दुहाई देते हुए आखिरी बार मिलने के लिए उसे राजू सचान के खेत पर बुलाया। युवती के आने पर बात नहीं करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसकी शादी होने वाली है। अब संबंध नहीं रखना चाहती। ज्यादती की तो शोर मचा दूंगी। इससे आगबबूला होकर विजय ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए अंगौछा से उसे नीम के पेड़ पर लटकाने की कोशिश की। पुलिस को घटनास्थल से वह अंगौछा मिला, जिससे कातिल का सुराग लगाना आसान हो गया।

# बिना मान्यता के छह कॉलेजों पर कार्रवाई

संवाददाता, घाटमपुर

**नोटिस भेजा**

- पतारा और भीतरगांव ब्लाक के छह विद्यालय संचालकों से मांगा गया स्पष्टीकरण
- जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्रवाई से डरे संचालकों ने विद्यालय में लगे बोर्ड उतारे

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में बिना मान्यता वाले विद्यालयों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि हर गली-मोहल्ले, गांव में विद्यालय नजर आता है। भीतरगांव के एक विद्यालय संचालक की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच कराई। जांच के बाद पतारा और भीतरगांव ब्लाक के तीन-तीन विद्यालयों के संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके बाद गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालकों ने विद्यालय के बोर्ड हटा दिए हैं।

भीतरगांव निवासी कल्लू ने जनसुनवाई समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली में क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेज एवं जूनियर हाईस्कूलों की शिकायत की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बिल्हौर तहसील के राधन राजकीय कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी को जांच सौंपी थी। उन्होंने अपनी जांच पूरी करने के बाद पूरी आख्या जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंप दी है।

बताते हैं कि जांच के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से एमएल मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल भदेवना विकास खंड पतारा, आरपीडी स्कूल कुम्हड़िया विकास खंड पतारा, एलएमएम इंटर कॉलेज पड़री लालपुर, कृष्ण बाल विद्या मंदिर भीतरगांव, डीएस पब्लिक स्कूल भीतरगांव को नोटिस जारी कर संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। खास बात यह है कि शिक्षा विभाग की कार्रवाई के डर से बिना मान्यता वाले स्कूलों के संचालकों ने मंगलवार को अपने कॉलेज में लगे बोर्ड हटा दिए हैं और कार्रवाई से बचने का जुगाड़ तलाशना शुरू कर दिया है।

# रामलीला मंच पर फूहड़ डांस, तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, बिधनू

- बिधनू क्षेत्र के सुरौली में बिना अनुमति हुआ आयोजन
- पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सुरौली गांव के धार्मिक स्थल पर मंगलवार रात रामलीला के मंच पर आयोजकों ने अश्लील नृत्य कराया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। पुलिस ने कार्यक्रम बंद कराकर आयोजकों के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सुरौली गांव के अघोरी बाबा मंदिर परिसर में मंगलवार की रात बिना अनुमति रामलीला का आयोजन किया गया। आयोजकों ने रामलीला की आड़ में देर रात मंच पर नर्तकियों का अश्लील नृत्य कराया। दर्शकों ने अश्लील नृत्य और नर्तकियों की फूहड़ टिप्पणियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय दरोगा पूरन सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंचे और कार्यक्रम को बंद करा दिया। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि जांच में पचा चला कि आयोजन बिना अनुमति के कराया जा रहा था, जिसमें भारी भीड़ एकत्र थी। उन्होंने बताया कि आयोजक हरिप्रसाद सैनी, लालू यादव, नीलू सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और अश्लीलता फैलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मौत पर कार्रवाई नहीं, शव रखकर हंगामा

संवाददाता, बिधनू

- मझावन में पिटाई के बाद हुई थी बुजुर्ग किसान की मौत
- 24 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क पर दिखा गुस्सा

**अमृत विचार:** मझावन में मंगलवार दोपहर जमीन के विवाद में लात-घूंसों से पिटाई में बुजुर्ग किसान की मौत होने के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद रमईपुर-साढ़ रोड पर शव रखकर हंगामा किया। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

मझावन निवासी 65 वर्षीय उमाशंकर गुप्ता का पड़ोसी चचेरे भाइयों भोला और गोपी से जमीन का विवाद था। मंगलवार की दोपहर उमाशंकर घर के बाहर भोला की दीवार के पास सब मर्सिबल की बोरिंग करा रहा था। बोरिंग में दिक्कत होने की वजह से उन्होंने भोला की दीवार की कुछ ईंटें तोड़ दीं। इसके विरोध पर चचेरे भाई भोला, अजय, विजय और भतीजे नीलेश ने गालीगलौज करते हुए उमाशंकर को लात-घूंसों से जमकर पीट दिया था। इसके बाद उमाशंकर की हालत बिगड़ गई थी। बिधनू सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। किसान के बेटे आनंद ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज स्वजन पोस्टमार्टम के बाद शव गांव ले गए और बीच सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। स्वजनों का आरोप है कि पुलिस ने तीन साल पहले भी रुपये लेकर उनकी जमीन पर कब्जा कराया था। पिता की हत्या के बाद अब आरोपितों को बचा रही है।


साढ़-रमईपुर रोड पर जाम लगाकर बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

### हंगामे के साथ प्रदर्शन से साढ़ रोड पर लगा जाम

परिवार वालों का आरोप है कि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को बदलवा कर सामान्य मौत दिखा दिया है। हंगामे की सूचना पर थाने की पुलिस के साथ सभी चौकियों का फोर्स पहुंच गया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो स्वजनों ने आरोपितों पर कार्रवाई होने के बाद सड़क से शव हटाने की बात पर अड़ गए। पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को पसिकपुरवा और कठुई रोड से निकलने का प्रयास किया तो महिलाएं दोनों सम्पर्क मार्गों पर बेंच डालकर बैठ गईं, जिससे रमईपुर-साढ़ मार्ग का यातायात पुरी तरह से बाधित हो गया। काफी देर बाद लोग हटे, तब जाम खुल सका।

## सार-संक्षेप


श्रमिक दिवस पर ककवन ब्लाक में मजदूरों की गोष्ठी हुई। अमृत विचार

### श्रमिकों में बसती है भारत की आत्मा : विनय यादव

**बिल्हौर।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ककवन विकास खंड कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों के अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही मनरेगा के कामगारों को सम्मानित भी किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने क्षेत्र के तमाम श्रमिकों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्रमिकों में ही भारत की आत्मा बसती है। श्रमिकों के बगैर देश में कोई भी कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को अधिकार और जरूरतें उनके कामकाज के हिसाब से अभी तक नहीं मिल पाए हैं। आने वाले समय में सभी श्रमिकों को पर्याप्त काम मिले और काम के हिसाब से मेहनताना भी मिले, इसके प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर रोजगार सेवक शीलू पाल, संजय यादव, कमलेश कुमार, विपिन आदि रहे।

### साढ़ू के साथ मिलकर भाई और पिता को पीटा

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के नयानिवादा गांव में बंटवारे में हिस्से के लिए अपने साले और साढ़ू के साथ मिलकर पिता व भाई को पीट दिया। नयानिवादा गांव निवासी सतीश चन्द्र ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पांच बेटे हैं। खेती-किसानी कर दो बेटों की शादी की, जबकि दो बेटे शादी के लिए बाकी हैं। बड़ा बेटा रामजी बंटवारे के लिए मारपीट करता है। 24 अप्रैल को अपने साढ़ू राजेन्द्र, ससुर सियाराम व साले अमित, प्रदुम्न के साथ मिलकर मारपीट की और बीचबचाव में दूसरे बेटे अजय व बहू माधुरी को भी पीटा। थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**चौकसी** बिल्हौर, बिठूर, कल्याणपुर, रावतपुर, पनकी से आने वाली एंबुलेंस के लिए कोई डायवर्जन नहीं है

# मोदी के रोड शो पर शहर में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चार मई को पीएम मोदी का शहर में रोड शो प्रस्तावित है। रोड शो के चलते शहर में यातायात व्यवस्था बदली रहेगी, जिससे शहरवासियों को जाम की समस्या न हो। साथ ही तीन मई की रात 11 बजे से शहर में भारी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे, जिसको लेकर डीसीपी ट्रैफिक ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को पत्र भी भेजा है।



## कुछ इस तरह रहेगा यातायात

### कोका कोला डायवर्जन

- कल्याणपुर, रावतपुर से आने वाले वाहन कोका कोला चौराहे से आगे नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन कोकाकोला से बाएं मुड़कर अशोक नगर से हर्ष नगर होते हुए जाएंगे।
- गीता नगर क्रासिंग से दाहिने मुड़ कर नमक फैक्ट्री चौराहा से विजय नगर होते वाहन जाएंगे।

### आचार्य नगर तिराहा डायवर्जन

- टाटमिल व अफीमकोटी की तरफ से जरीबचौकी की तरफ जाने वाले वाहन आचार्य नगर तिराहे से दाहिने मुड़ कर संगीत टाकीज तिराहा होकर जाएंगे।
- टाटमिल से फजलगंज की ओर जाने वाले वाहन अफीम कोठी से बाएं मुड़ कर जाएंगे।

- महाराजपुर, नर्वल, चकेरी, जाजमऊ व उन्नाव की तरफ से आने वाली एंबुलेंस बीमा चौराहा, जेके चौराहा, कैंट होते हुए वीआईपी रोड से होकर जाएंगी।
- घाटमपुर, सजेती, नौबस्ता, साढ़, बिधनू, सेन पश्चिम पारा, रेउना, बर्रा, गुजैनी, हनुमंत विहार, गोविंद नगर, किदवई नगर, जूही की ओर से आने वाली एंबुलेंस विजय नगर चौराहा

### बीओबी चौराहा पर व्यवस्था

- नंदलाल, चावला की तरफ से फजलगंज की तरफ जाने वाले वाहन बीओबी चौराहे से आगे नहीं जा सकेंगें। ऐसे वाहन बीओबी चौराहा से बाएं मुड़ कर फजलगंज फायर स्टेशन होते हुए विजय नगर से डबल पुलिया होते हुए जाएंगे।

### विजय नगर चौराहा

- विजय नगर चौराहा से फजलगंज चौराहा की ओर कोई भी वाहन नहीं जा सकेगा ऐसे वाहन नमक फैक्ट्री, डबल पुलिया व दादा नगर होकर जाएंगे।

### एंबुलेंस के लिए यह रहेगी व्यवस्था

- जीटी रोड दोपहर दो बजे से रात नौ बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। रीजेंसी, हैलट कार्डियोलॉजी, मधुराज की ओर जाने वाली एंबुलेंस को दिक्कत न हो इसके लिए अलग व्यवस्था की गई है, जो इस प्रकार है।

### इन रूटों से आएंगी बसें

- कन्नौज की तरफ से रावतपुर डिपो जाने वाली बसें गुरूदेव चौराहे से आगे नहीं जाएंगी, ऐसी बसें गुरुदेव चौराहे से बाएं मुड़ कर सिग्नेचर बस स्टॉप जाएंगी।
- कानपुर देहात से फजलगंज की ओर जाने वाली बसें अर्मापुर से आगे नहीं जाएंगी। इन बसों का संचालन अर्मापुर से ही किया जाएगा।
- फतेहपुर, महाराजपुर, की तरफ से टाटमिल की तरफ जाने वाली बसें अहिरवां फ्लाईओवर से होते हुए मंगला विहार रैंप से नीचे उतर कर कोयला नगर होते हुए यशोदा नगर से दाहिने मुड़ कर बाकरगंज से जाएंगी।
- लखनऊसे आने वाली रोडवेज बसें झकरकटी डिपो नहीं जा सकेंगी।

# गैस सिलेंडर फटने से भड़की आग दो दुकानों का सामान जलकर राख

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बे में बुधवार को कूड़े के ढेर में लगी आग दो दुकानों तक पहुंच गई। आग से दुकान में रखा रसोई गैस सिलेंडर धमाके के साथ फट गया, जिससे आग भड़क गई और सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया गया। तब तक लगभग पांच लाख रुपये का माल जलकर खाक हो गया।

पतारा कस्बे में कूड़े के ढेर से निकली चिंगारी से आग दुकानों में लग गई, जिससे रामपुर निवासी मुकुल की कॉस्मेटिक की दुकान और छाझा रायपुर गांव के रहने वाले बैजनाथ की परचून की दुकान में आग भड़क गई। आग से दुकान में रखा सामान जलने लगा। इसी दौरान दुकान में रखा रसोई गैस सिलेंडर धमाके के साथ फट गया, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल गाड़ी ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकानदारों के मुताबिक आग में लगभग पांच लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है।


पतारा में आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

